109
24.7.15 Sh- Sahi Ram file

24/7/2015

राजस्थान सरकार

कार्यालय जिला कलेक्टर, झुंझुनू

क्रमांक प.12(3)(4)राज/13/

दिनांक :– / /2015

आवंटन आदेश

इस कार्यालय के समसंख्यक आदेश क्रमांक 2284–88 दिनांक 11–8–14 के द्वारा ग्राम टोडी स्थित भूमि ख0न0 1018 रकबा 3.80 है0 किस्म गै0मु0 स्कूल में से 11250 व0मी0 भूमि राजकीय महाविद्यालय गुढ़ा के भवन निर्माण हेतु आवंटन की गई थी।

अधिशाषी अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग उपखण्ड नवलगढ़ ने अपने पत्रांक 3111 दिनांक 25–11–14 से आवंटित भूमि निर्माण हेतु उपयुक्त नहीं होने तथा मौके पर आवंटन के अनुसार भूमि उपलब्ध नहीं होने के कारण अन्य जगह भूमि उपलब्ध कराये जाने हेतु अनुरोध किया जाने पर उपखण्ड अधिकारी उदयपुरवाटी ने ग्राम टोडी स्थित भूमि ख0न0 675 रकबा 9.9804 है0 किस्म बजंड़ बीड़ में से 3.00 है0 भूमि आवंटन के प्रस्ताव भिजवाये गये है।

अतः पूर्व में आवंटित भूमि मौके पर उपलब्ध नहीं होने तथा महाविद्यालय निर्माण हेतु उपयुक्त नहीं होने के कारण इस कार्यालय के समसंख्यक आदेश क्रमांक 2284–88 दिनांक 11–8–14 को निरस्त किया जाता है तथा राजस्व (ग्रुप–6) विभाग की अधिसूचना क्रमांक प06(25)राज–6/14/12 दिनांक 8–5–15 तथा राजस्थान भू–राजस्व नियम 1963 के अनुसरण में ग्राम टोडी स्थित भूमि ख0न0 675 रकबा 9.9804 है0 किस्म बजंड़ बीड़ में से 3.00 है0 भूमि की किस्म खारीज कर राजस्थान भू–राजस्व नियम 1963 में वर्णित शर्तो एवं उपबंधो के अधीन तथा नीचे वर्णित शर्तो पर राजकीय महाविद्यालय गुढ़ा के भवन निर्माण हेतु कॉलेज शिक्षा विभाग को निःशुल्क आवंटन की जाती है। नक्शा ट्रेस आदेश का एक भाग होगा। तहसीलदार उदयपुरवाटी उक्तानुसार रिकार्ड में अमल दरामद करें।

1. आवंटित भूमि का उपयोग उसी कार्य में किया जावेगा जिस कार्य हेतु आवंटित की गई है अन्य कार्य हेतु उपयोग नही किया जावेगा।
2. आवंटित भूमि का राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन के बिना अन्य उपयोग में नही लिया जावेगा/विक्रय नही किया जावेगा।

Sd/-

(सलविन्द्र सिंह सोहता)
जिला कलेक्टर, झुंझुनू
दिनांक 8/7/2015

क्रमांक/सम/ 3332-37

प्रतिलिपि :– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निदेशक, निदेशालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान जयपुर को सूचनार्थ प्रेषित है।
2. उप खण्ड अधिकारी, उदयपुरवाटी।
3. अधिशाषी अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग उपखण्ड नवलगढ़
4. तहसीलदार, उदयपुरवाटी को पालनार्थ।
5. प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय गुढ़ा।
6. गार्ड फाईल।

(सलविन्द्र सिंह सोहता)
जिला कलेक्टर, झुंझुनू